सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-557
14/12/2018

जैन तीर्थ पर नवनिर्मित जिनमंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 14 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज जमुई जिले के लछुआर स्थित क्षत्रियकुंड (कुंड घाट) जैन तीर्थ पर नवनिर्मित भव्य जिनमंदिर के आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 25 सौ वर्ष पुरानी प्रतिमा को पूरे जैन विधि–विधान के साथ चातुर्मास पूजन की समाप्ति के बाद आज भव्य मंदिर में पुनर्स्थापित किया गया। इसके पूर्व शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने पूरे विधि विधान के साथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की तथा जैन धर्म के मुख्य प्रचारक से आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान महावीर की मूर्ति स्थापना के कार्यक्रम में पूरे भक्ति भाव से देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में जैन धर्मावलंबी कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस अवसर पर आयोजन में शामिल मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस स्थल की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता सर्वविदित है। इसको देखते हुए ही हमलोगों ने यहाँ आने के मार्ग को विकसित किया है। उन्होंने कहा कि यहॉ के लोगों की इच्छा है कि डैम के बगल में पैदल जाने का रास्ता बनाया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में संबंधित विभागों को निर्देश दे दिया गया है कि तत्काल इस पर काम शुरू किया जाय। उन्होंने कहा कि जैन धर्मावलंबी पैदल ही जाना पसंद करते हैं इसलिए उनकी सुविधा के मुताबिक इसका स्थायी समाधान किया जायेगा। इस स्थल की सुरक्षा के लिए भी स्थायी ओ0पी0 के निर्माण का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जैन मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये यहॉ धर्मशाला निर्माण के लिये भी जमीन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इन पौराणिक स्थलों के बारे में ऑर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को सूचित कर इस स्थान की खुदाई करायेंगे ताकि जो प्रागैतिहासिक तथ्य हैं, वह सामने आ सके। उन्होंने कहा कि पूरे देश के जैन धर्मावलंबियों के लिये यह स्थल धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक है इसलिये सबके मन में इसके प्रति सम्मान का भाव होना चाहिये।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सुमित सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी जमुई, पुलिस अधीक्षक जमुई सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय लोग एवं बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे।

******